जागरण

# बाबा रामदेव की फोटो लगाकर बेच रहे थे नकली दवाएं, आगरा से दो आरोपित गिरफ्तार

Publish Date:Sat, 13 Nov 2021 06:53 PM (IST)



हरिद्वार रानीपुर की पुलिस ने बाबा रामदेव का फोटो इस्तेमाल कर नकली यौनवर्द्धक दवा और तेल बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस टीम ने आगरा से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। उनके पास से दो लैपटाप और 60 मोबाइल फोन बरामद हुआ।

**जागरण संवाददाता, हरिद्वार।** बाबा रामदेव का फोटो इस्तेमाल कर नकली यौनवर्द्धक दवा और तेल बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए हरिद्वार रानीपुर की पुलिस ने आगरा से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अश्लील वेबसाइट पर बाबा रामदेव का फोटो लगा अश्लील विज्ञापन चलाकर आनलाइन बुकिग की जाती थी। इसके बाद नकली दवाई व तेल अलग-अलग राज्यों में पार्सल कर दिया जाता था। आरोपितों से दो लैपटाप, 60 मोबाइल सहित काफी सामान बरामद हुआ है। आरोपितों ने स्वीकार किया है कि बाबा रामदेव का फोटो इस्तेमाल करने से उनके धंधे में कई गुना बढ़ोतरी हुई।

पतंजलि योगपीठ के प्रतिनिधि राजू वर्मा ने बीते 28 जुलाई को बहादराबाद थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें बताया गया था कि एक अश्लील वेबसाइट पर बाबा रामदेव के फोटो वाला अश्लील व फर्जी विज्ञापन चलाया जा रहा है। अज्ञात के खिलाफ आइटी एक्ट में मुकदमा होने के बाद इस मामले की जांच रानीपुर कोतवाल कुंदन सिंह राणा को सौंपी गई। छानबीन के बाद कोतवाल राणा पुलिस व एसओजी की एक टीम लेकर आगरा (उत्तर प्रदेश) पहुंचे और सिकंदरा क्षेत्र में एक बहुमंजिला बिल्डिंग में छापा मारा। अंदर का नजारा देख पुलिस हैरान रह गई।

दवाई और तेल की शीशी पर बाबा रामदेव का फोटो प्रिंट किया था। पुलिस ने आनलाइन बुकिग करने वाले दो आरोपितों को पकड़ लिया और उनके उपकरण जब्त कर लिए। आरोपितों ने अपने नाम आकाश शर्मा निवासी सेक्टर आठ आवास विकास कालोनी निकट सेंट्रल जेल थाना जगदीशपुरा और सतीश कुमार निवासी किशोरपुरा थाना जगदीशपुरा सिविल लाइंस जनपद आगरा उत्तर प्रदेश बताए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि कंपनी का मालिक गजेंद्र यादव निवासी ग्राम बाईपुर थाना सिकंदरा आगरा है। जबकि बाबा रामदेव का फोटो लगाकर प्रचार करना और दवाई बेचने का मास्टरमाइंड दिलीप यादव निवासी ग्राम कुंवाखेड़ा थाना ताजगंज जनपद आगरा है। कोतवाल कुंदन सिंह राणा ने बताया कि गजेंद्र यादव, दिलीप यादव सहित छह आरोपितों की तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/haridwar-baba-ramdevs-photo-fake-medicines-sold-two-arrested-22203056.html